(ग) मेहर शहर में रा०रा०-7 पर ऊपरिपुल का निर्माण निधियों की कमी के कारण शुरू नहीं किया जा सका।

Conferring University Status to MERI, Calcutta

2685. SHRI Y. RADHAKRISHNA MURTY:
SHRI NILOTPAL BASU:

Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are considering conferring a deemed university status to the MERI, Calcutta;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T. G. VENKATRAMAN): (a) and (c) Setting up of an Indian Maritme University comprising of all the four Government run Maritime Traininig Institutes namely Marine Engineering and Research Institute, Mumbai; Marine Engineering and Research Institute, Calcutta; Lal Bahadur Shastri College of Advanced Maritime Studies & Research, Mumbai; and Training Ship Chanakya, New Mumbai was recommended in May, 1992 by an Expert Committee, designated as Committee on Maritime Education and Training (COMET). An Empowered Committee constituted to examine the COMET recommendations suggested that the proposed University may be set up as a deemed University. During inter-Ministerial consultations, Department of Education stipulated that status of 'deemed University' to the Indian Maritime University could be conferred only after all the four Maritime Institutes and approved by the All India Council of Technical Education. The MERI, Calcutta, has already been accorded approval by AICTE. Approval in respect of other Institutes is yet to be received.

उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास में निधि का उपयोग

2686. **श्री अखिलेश दास:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्ष 1995-96 और 1996-97 के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के रख-रखाव के लिए कितनी राशि आबंटित की गई है;

(ख) कितनी राशि उक्त अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के लिए आबंटित की गई थी और क्या इस पूरी राशि का पूर्णरूपेण उपयोग किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या बकाया राशि के 1997-98 के दौरान खर्च किए जाने की संभावना है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरामन): (क) 1995-96 और 1996-97 के दौरान देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के रख-रखाव के लिए आबंटित राशि इस प्रकार है:—

वर्ष	आबंटन (लाख रु०)
1995-96	28443.96
1996-97	31749.52

(ख) से (घ) 1995-96 और 1996-97 के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को अभी तक क्रमशः 2529.94 लाख रु० और 2937.40 (3/97) लाख रु० की राशि आबंटित की गई है और आबंटित निधियां अभ्यर्पित नहीं की गई हैं।

जहाज निर्माण इकाइयों की स्थापना किया जाना

2687. **श्री चीमनभाई हरिभाई शुक्ला:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान सरकार द्वारा शुरू की गई जहाज निर्माण योजनाओं की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान देश में स्थापित जहाज निर्माण इकाइयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में जहाज निर्माण के लिए इकाइयों या संयंत्रों को स्थापित करने हेतु सरकार ने क्या-क्या मानदण्ड अपनाए हैं;